भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 311

उत्तर देने की तारीख 02 जनवरी, 2026

13 माघ, 1947 (शक)

खेलो इंडिया - खेलों के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम

311. श्री थरानिवेंथन एम. एस. :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में खेलो इंडिया- खेलों के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर इसके अन्तर्गत अब तक आवंटित और उपयोग की गई कुल निधि का, विशेषकर तमिलनाडु सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में उक्त योजना के अंतर्गत चुने गए अथवा सहायता प्रदत्त एथलीटों, विद्यालयों और प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या खेलो इंडिया केन्द्रों, खेल अवसंरचना अथवा प्रशिक्षण अकादमियों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार के पास तमिलनाडु राज्य सरकार की ओर से भेजा गया कोई प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा तमिलनाडु में उक्त योजना के अंतर्गत ग्रामीण प्रतिभा के लिए स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने और खेलों में लैंगिक समानता के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों, जहां महत्वपूर्ण खेल क्षमता का कम उपयोग किया जाता है, में वित्तीय सहायता में वृद्धि करने और प्रतिभा पहचान पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत धनराशि राज्य-वार नहीं, स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है। तमिलनाडु राज्य सहित खेलो इंडिया स्कीम के प्रारंभ से अब तक देशभर में आवंटित धनराशि औक किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रूपये में)

वित्तीय वर्ष	**आवंटित धन**	**किया गया व्यय**
2016-17	118.10	118.10
2017-18	350.00	346.99
2018-19	500.09	342.24
2019-20	578.00	575.52
2020-21	328.77	338.06
2021-22	869.00	764.29
2022-23	600.00	596.39
2023-24	880.00	872.20
2024-25	746.54	620.75

(ख) तमिलनाडु के अरानी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में खेलो इंडिया एथलीट (केआईए), खेलो इंडिया केन्द्रों (केआईसी), खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केन्द्रों (केआईएससीई) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) के साथ-साथ इन केन्द्रों के अंतर्गत आने वाली खेल विधाओं का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में पर उपलब्ध है।

(ग) और (ङ) इस मंत्रालय को खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु तमिलनाडु राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। खेलो इंडिया स्कीम एक मांग आधारित स्कीम है। दक्षिणी राज्यों में प्रतिभा पहचान में सहायता सुदृढ़ करने सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों एवं अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों की पूर्णता, उनकी तकनीकी व्यवहार्यता तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है।

(घ) इंडिया स्कीम के अंतर्गत 'ग्रामीण और देशज/जनजातीय खेलों के संवर्धन' उप-घटक विशेष रूप से देश में ग्रामीण और देशज खेलों के विकास और संवर्धन हेतु समर्पित है। देशज खेलो जैसे मल्लखंब, कलारीपयट्टु, गटका, थांग-टा, योगासन और सिलंबम जैसे देशज खेलों की पहचान संवर्धन हेतु की गई है और इन्हें खेलो इंडिया गेम्स का हिस्सा बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, 'महिलाओं के लिए खेल' घटक के अंतर्गत 'खेलों के माध्यम से समावेशिता को प्रोत्साहन' विशेष रूप से देशभर में महिलाओं को खेलों में प्रोत्साहित करने हेतु समर्पित है।

*****